-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **"ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 14 किलो अवैध हरा गांजा किया गया बरामद। अभियुक्त अपने घर के अन्दर बाड़े में करता था अवैध गांजे की खेती।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में दिनांक 26.12.2024 को देर रात्रि थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को ग्राम नौगवां से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कालिंजर पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम नौगवां में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम नौगवां में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 14 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया गया है। इस सम्बन्ध में थाना कालिंजर में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

बरामदगी-

- 14 किलोग्राम अवैध हरा गांजा

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. संग्राम सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम नौगवां थाना कालिंजर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 202/24 धारा 8/20(a) एनडीपीएस एक्ट थाना कालिंजर जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 थाना कालिंजर श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह
2. चौकी प्रभारी गुढ़ाकला श्री कृष्ण प्रताप सिंह
3. उ0नि0 श्री राम रक्षा पटेल
4. कां0 सत्यम गुर्जर
5. म0कां0 सुनीता गुप्ता